www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**SET-4**

**Series WXYZ/S**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **98/S**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **27** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **34** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# उद्यमिता (सैद्धान्तिक)

# ENTREPRENEURSHIP (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।*

*(i)* *इस प्रश्न पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है – **खण्ड क, ख, ग** तथा **घ**।*

*(iii)* ***खण्ड क :** प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड ख :** प्रश्न संख्या **19** से **24** तक लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** से **40** शब्दों में लिखिए।*

*(v)* ***खण्ड ग :** प्रश्न संख्या **25** से **29** तक लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **70** शब्दों में लिखिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ :** प्रश्न संख्या **30** से **34** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** से **150** शब्दों में लिखिए।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, **खण्ड ख, ग** तथा **घ** में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है।*

## खण्ड क

**1.** 'यदि व्यवसाय की परिसम्पत्तियाँ देयताओं के भुगतान के लिए अपर्याप्त हैं, तो एकल स्वामी की व्यक्तिगत सम्पत्ति को व्यावसायिक ऋणों के भुगतान के लिए माँगा जा सकता है।'

उपर्युक्त पंक्तियों में व्यावसायिक संगठन के एकल स्वामित्व प्रारूप की जिस आवश्यक विशेषता को संदर्भित किया है, वह है : *1*

(A) प्रचालन का सीमित क्षेत्र (B) एकल लाभार्थी

(C) असीमित देयता (D) व्यक्तिगत वित्तीयन

**2.** 'जी लिमिटेड' ने रक्त शर्करा स्तर, रक्तचाप आदि को मापने के लिए अद्वितीय विशेषताओं के साथ एक नई स्मार्ट घड़ी बाज़ार में उतारी है। रविन्दर ने, जो उत्पादन प्रबन्धक है, इसी घड़ी में एक अतिरिक्त विशेषता को जोड़ने के बारे में सोचा, जिसके अनुसार विभिन्न प्रकार के आदेश दिए जाने पर इन आदेशों का उत्तर वह स्मार्ट घड़ी देगी।

उस स्रोत की पहचान कीजिए जिसने इस आधारभूत विचार के उद्भव की ओर अग्रसर किया : *1*

(A) समस्या (B) परिवर्तन

(C) प्रतिस्पर्धा (D) नवप्रवर्तन

prepp
Your Personal Exams Guide

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper is divided into **four** sections – **Section A, B, C** and **D**.*

(iii) ***Section A** : Questions number **1** to **18** are Multiple Choice Type Questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) ***Section B** : Questions number **19** to **24** are Short Answer type-I questions. Each question carries **2** marks. Write answer to each question in **30** to **40** words.*

(v) ***Section C** : Questions number **25** to **29** are Short Answer type-II questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **50** to **70** words.*

(vi) ***Section D** : Questions number **30** to **34** are Long Answer type questions. Each question carries **5** marks. Write answer to each question in **120** to **150** words.*

(vii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **Section B, C** and **D** of question paper. A candidate has to attempt only one of the alternatives in such questions.*

## SECTION A

**1.** 'In case the business assets are insufficient to pay off liabilities, the personal property of the sole proprietor can be called upon to pay his business debts.'

The essential feature of sole proprietorship form of business organisation which is referred to in the above lines is : *1*

(A) Limited area of operation (B) Sole beneficiary

(C) Unlimited liability (D) Individual financing

**2.** 'G Ltd.' launched a new smart watch having unique features of measuring blood sugar levels, blood pressure, etc. Ravinder, the production manager, thought of adding another additional feature of giving various types of commands and getting answers of these commands in the same smart watch.

Identify the source which led to the emergence of the basic idea ? *1*

(A) Problem (B) Change

(C) Competition (D) Innovation

**3.** 'यह एक आविष्कारक को एक सीमित अवधि के लिए आविष्कार के सार्वजनिक प्रकटीकरण के बदले में उसे बनाने, उसका उपयोग करने, बेचने, बेचने का प्रस्ताव करने तथा आयात करने के अधिकार से अन्य को बाहर करता है।'

उपर्युक्त में चर्चित अवधारणा है : *1*

(A) कॉपीराइट (B) पेटेंट

(C) औद्योगिक डिज़ाइन (D) ट्रेडमार्क

**4.** "वाह ! पीकर मज़ा आ गया" यह विषय का एक छोटा-सा भाग है जो एक नाटकीय प्रभाव के साथ डिज़ाइन किए गए किसी विचार को स्पष्ट करने का काम करता है।

यह जाना जाता है : *1*




(A) लोगो (B) ट्रेडमार्क

(C) टैगलाइन (D) ब्राण्ड मार्क

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **4** के स्थान पर है :*

'एक ग्राफिक चिह्न या प्रतीक जिसका उपयोग सामान्यतः व्यावसायिक उद्यमों, संगठनों और यहाँ तक कि व्यक्तियों द्वारा भी तत्काल सार्वजनिक पहचान में सहायता एवं संवर्धन के लिए किया जाता है' जाना जाता है : *1*

(A) लोगो (B) ट्रेडमार्क

(C) टैगलाइन (D) ब्राण्ड मार्क

**5.** 'एक्सवाई लिमिटेड', एक वस्त्र बनाने वाली कम्पनी है। इसके वस्त्रों की बहुत अधिक माँग है। अत: अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए इसने एक बैंक से ₹ 50 लाख का ऋण लिया। लेकिन फैशन में परिवर्तन के कारण इसके वस्त्रों की माँग घटने लगी। अत्यधिक हानि के कारण कम्पनी अपने ऋण की राशि का पुनर्भुगतान करने में सक्षम नहीं थी। कम्पनी के प्रबन्धन ने ऋण के पुनर्भुगतान के लिए अपने अंशधारियों को अंशों की संख्या के अनुरूप अंशदान करने के लिए कहा। अंशधारियों ने मना कर दिया क्योंकि वे अपने अंशों पर देय पूर्ण राशि का पहले ही भुगतान कर चुके थे। कम्पनी ने न्यायालय में अंशधारियों के विरुद्ध दावा कर दिया। लेकिन न्यायालय ने अंशधारियों का संरक्षण किया।

निम्नलिखित में से संगठन के कम्पनी स्वरूप की उस विशेषता को पहचानिए जिसने अंशधारियों को संरक्षण दिया : *1*

(A) पृथक कानूनी इकाई (B) अंशों की हस्तान्तरणीयता

(C) कृत्रिम व्यक्ति (D) सार्व मुद्रा

prepp
Your Personal Exams Guide

**3.** 'It grants an inventor the right to exclude others from making, using, selling, offering to sell and importing an invention for a limited period of time in exchange for the public disclosure of the invention.'
The concept discussed above is : *1*

(A) Copyright (B) Patent
(C) Industrial design (D) Trade Mark

**4.** "Wah ! Peekar mazaa aa gaya" is a small amount of text which serves to clarify a thought designed with a dramatic effect.
This is known as : *1*




(A) Logo (B) Trade Mark
(C) Tagline (D) Brand Mark

***Note :*** *The following question is for* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. no.* ***4.***

'A graphic mark or emblem commonly used by commercial enterprises, organisations and even individuals to aid and promote instant public recognition' is known as : *1*

(A) Logo (B) Trade Mark
(C) Tagline (D) Brand Mark

**5.** 'XY Ltd.' is a garment manufacturing company. Its garments are high in demand. So for the expansion of its business it took a loan of ₹ 50 lakhs from a bank. But due to change in fashion the demand of its garments started declining. The company was unable to repay the amount of loan due to heavy losses. The management of the company asked its shareholders to contribute as per their number of shares for repayment of loan. The shareholders refused as they had already paid the full amount due on their shares. The company filed a case against the shareholders in court. But the court protected the shareholders.
From the following, identify the characteristic of the company form of organisation which protected the shareholders : *1*

(A) Separate Legal Entity (B) Transferability of shares
(C) Artificial person (D) Common seal

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**6.** सृजनात्मकता की प्रक्रिया में ________ चतुर्थ चरण है। *1*

(A) विचार अंकुरण

(B) उद्भवन

(C) प्रदीपन

(D) सत्यापन

**7.** कॉलम I में दिए गए वित्तीय योजना के घटकों का कॉलम II में दिए गए उनके अर्थ से मिलान कीजिए : *1*

| *कॉलम I (घटक)* | *कॉलम II (अर्थ)* |
|---|---|
| (1) निवेश निर्णय प्रपत्र | (i) वित्त एकत्रित करने के लिए उपक्रम के पास उपलब्ध कोष के सभी अनुमानित स्रोतों को सारांशित करना। |
| (2) वित्तीयन निर्णय प्रपत्र | (ii) नए उद्यमों के प्रचालन के प्रथम वर्ष के दौरान समस्त लाभ आँकड़ों को सारांशित करना। |
| (3) आय विवरण प्रपत्र | (iii) यह सारांशित करना कि विभिन्न परिसम्पत्तियों में उद्यमों के कोष किस प्रकार निवेशित हैं ताकि उद्यम निवेश पर उच्चतम संभव प्रतिफल अर्जित करने के योग्य हो। |
| (4) स्थिति विवरण प्रपत्र | (iv) उद्यमियों की अनुमानित परिसम्पत्तियों, देयताओं तथा शुद्ध सम्पत्ति को सारांशित करना। |

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) (1)-(i), (2)-(ii), (3)-(iv), (4)-(iii)

(B) (1)-(iii), (2)-(i), (3)-(ii), (4)-(iv)

(C) (1)-(iii), (2)-(iv), (3)-(i), (4)-(ii)

(D) (1)-(iv), (2)-(iii), (3)-(ii), (4)-(i)

**6.** __________ is the fourth step in the process of creativity. *1*

(A) Idea germination

(B) Incubation

(C) Illumination

(D) Verification

**7.** Match the components of a financial plan given in Column I with their meanings given in Column II : *1*

| *Column I (Components)* | *Column II (Meaning)* |
|---|---|
| (1) Proforma Investment Decision | (i) Summarises all the projected sources of funds available to the venture to raise finance. |
| (2) Proforma Financing Decision | (ii) Summarises all the profit data during the first year of operations of new enterprises. |
| (3) Proforma Income Statement | (iii) Summarises how the enterprise's funds are invested in different assets so the enterprise is able to earn the highest possible returns on investments. |
| (4) Proforma Balance Sheet | (iv) Summarises the projected assets, liabilities and net worth of the entrepreneurs. |

Choose the correct option from the following :

(A) (1)-(i), (2)-(ii), (3)-(iv), (4)-(iii)

(B) (1)-(iii), (2)-(i), (3)-(ii), (4)-(iv)

(C) (1)-(iii), (2)-(iv), (3)-(i), (4)-(ii)

(D) (1)-(iv), (2)-(iii), (3)-(ii), (4)-(i)

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** 'एएन लिमिटेड', एक साबुन बनाने वाली कम्पनी है, जिसने साबुन के एक नए ब्राण्ड को विकसित किया जिसमें एक वृहत रणनीति के रूप में इसने अपने साबुन में पाम तेल की मात्रा कम कर दी। पाम तेल की कम मात्रा के उपयोग से बड़ी मात्रा में बचत होती है जिसे अन्य सामग्री में पुन: निवेशित करके उत्पाद को और अधिक बेहतर बनाया जा सकता है। इस साबुन के मूल्य निर्धारण के लिए कम्पनी जिस मूल्य निर्धारण रणनीति को अपना रही है उसमें ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए साबुन का मूल्य आरंभ में बाज़ार के संभावित मूल्य से कम निश्चित किया जाता है। वे यह अपेक्षा करते हैं कि कम मूल्य के कारण ग्राहक बदलकर इस नए ब्राण्ड को लेंगे।

'एएन लिमिटेड' द्वारा अपने मूल्य निर्धारण निर्णय में उपयोग में लाई गई मूल्य निर्धारण विधि है : *1*

(A) क्रीमिंग या स्किमिंग मूल्य निर्धारण विधि

(B) परिवर्तनीय मूल्य निर्धारण विधि

(C) लागत प्लस (जमा) मूल्य निर्धारण विधि

(D) पेनेट्रेशन (प्रवेश) मूल्य निर्धारण विधि

**9.** एक कम्पनी का ट्रेड मार्क : *1*

(i) पहचानने योग्य चिह्न, डिज़ाइन या अभिव्यक्ति जो एक विशेष व्यापार के उत्पादों या सेवाओं को अन्य व्यापारियों के उसी प्रकार के उत्पादों या सेवाओं से अन्तर्भेद करता है।

(ii) एक निश्चित अवधि के लिए आविष्कार के सार्वजनिक प्रकटीकरण के बदले में उसे बनाने, उसका उपयोग करने, बेचने, बेचने का प्रस्ताव करने तथा आयात करने के अधिकार से अन्य को बाहर करता है।

(iii) एक सीमित समय के लिए मूल कार्य के निर्माता को विशेष अधिकार देता है।

(iv) एक ग्राफिक मार्क या प्रतीक जिसका उपयोग आमतौर पर व्यावसायिक संस्थाओं द्वारा तुरंत सार्वजनिक मान्यता को सहायता और बढ़ावा देने के लिए किया जाता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल (i) (B) केवल (iv)

(C) (i) और (iii) (D) (ii) और (iv)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** 'AN Ltd.' a soap manufacturing company, developed a new brand of soap in which the content of palm oil is reduced from its soaps as a wider strategy. The use of less palm oil allows huge amount of savings which can be re-invested in other ingredients that make the product superior. For pricing this soap the company is adopting the pricing strategy where the price of the soap is initially set at a price lower than the eventual market price to attract customers. They expect that the customers will switch to this new brand because of the lower price.

The method of pricing used by 'AN Ltd.' in its pricing decision is : *1*

(A) Creaming or Skimming pricing method

(B) Variable pricing method

(C) Cost-plus pricing method

(D) Penetration pricing method

**9.** Trade Mark of a company is : *1*

(i) a recognizable sign, design or expression which distinguishes products or services of a particular trade from similar products or services of other traders.

(ii) the right to exclude others from making, using, selling, offering to sell, and importing an invention for a limited period of time for the public disclosure of the invention.

(iii) gives exclusive right to the creator of original work for a limited time.

(iv) a graphic mark or emblem commonly used by commercial enterprises to aid and promote instant public recognition.

Choose the correct answer from the options given below :

(A) (i) only (B) (iv) only

(C) (i) and (iii) (D) (ii) and (iv)

**10.** पहचानिए निम्नलिखित में से कौन-सा स्किमिंग मूल्य निर्धारण विधि का लाभ ***नहीं*** है : *1*

(A) यह रणनीति विपरीत परिणाम दे सकती है यदि प्रतिस्पर्धी बहुत करीबी हों और वे ऐसे ही उत्पादों को कम मूल्य पर प्रस्तुत करें।

(B) यदि कम्पनी ऐसे उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करती है, जो मूल्य की अपेक्षा गुणवत्ता के प्रति अधिक जागरूक हैं, तो इस प्रकार की रणनीति अधिक अच्छे ढंग से काम कर सकती है।

(C) जब उपभोक्ताओं के अधिकारों के सम्बन्ध में कानूनी और सरकारी नियम सख्त हों तो यह एक व्यावहारिक विकल्प नहीं है।

(D) यदि कम्पनी का इतिहास स्किमिंग मूल्य है, तो उपभोक्ता उत्पाद को कभी भी कम मूल्य पर नहीं खरीदेंगे।

**11.** ________ फ्रेन्चाइज़ व्यवसाय सुअवसर में निर्माता स्टोर के स्वामी को निर्माता द्वारा उत्पादित वस्तुओं को वितरित करने का अधिकार प्रदान करते हैं तथा स्वामी को निर्माता के स्वामित्व वाले नाम तथा ट्रेडमार्क का उपयोग करने की अनुमति देते हैं। *1*

(A) विनिर्माणी

(B) व्यवसाय

(C) उत्पाद

(D) व्यावसायिक प्रारूप

**12.** निम्नलिखित में से, प्रचालन योजना के उस तत्त्व की पहचान कीजिए, जो उद्यमियों को उन विभागों के निष्पादन में तेजी लाने के तरीके विकसित करने में सहायता करता है, जो पीछे रह गए हैं तथा उपचारात्मक उपायों के सुझावों द्वारा उत्पादन के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करता है : *1*

(A) कच्चे माल के प्रवाह का मार्ग तय करना (रूटिंग)

(B) अनुसूची बनाना

(C) निरीक्षण

(D) अनुवर्ती कार्यवाही

Prepp
Your Personal Exams Guide

**10.** Identify which of the following is ***not*** an advantage of skimming pricing method : *1*

(A) This strategy can backfire if these are close competitors and they also introduce the same products at lower price.

(B) If the company caters to consumers who are quality conscious rather than price, then this type of strategy can work in a great way.

(C) It is not a viable option when there are strict legal and government regulations regarding consumer rights.

(D) If the company has history of price skimming, then consumers will never buy the product at lower price.

**11.** In a _________ franchise business opportunity, the manufacturers grant a store owner the authority to distribute goods produced by the manufacturer and allow the owner to use the name and trade mark owned by the manufacturer. *1*

(A) Manufacturing

(B) Business

(C) Product

(D) Business format

**12.** From the following, identify the element of operational plan that helps the entrepreneurs in evolving ways to expedite the performance of those departments which lag behind and removing obstacles in the way of production by suggesting remedial measures : *1*

(A) Routing

(B) Scheduling

(C) Inspection

(D) Follow-up

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) तथा कारण (R)। *1*

*अभिकथन (A) :* विद्यमान अंशधारियों से अतिरिक्त वित्त एकत्रित करने के लिए उन्हें प्रतिभूतियाँ प्रस्तुत करने की विधि, जिसे मितव्ययी माना जाता है, अधिकार निर्गम है।

*कारण (R) :* इसमें किसी दलाली, एजेंट, विवरणिका आदि की आवश्यकता नहीं होती।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**14.** एकल-उत्पाद तथा बहु-उत्पाद व्यवसाय दोनों के सम-विच्छेद विश्लेषण की उपयोगिता नीचे दी गई है : *1*

(i) यह लाभ-लक्ष्य तथा विक्रय-लक्ष्य की स्थापना में सहायता करता है।

(ii) यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि कोई 'स्टॉक नहीं' स्थिति हो।

(iii) यह उन उत्पादों के निर्धारण में मदद करता है जो स्थायी व्यय को पूरा करने में योगदान नहीं दे रहे हैं।

(iv) यह निर्धारण करने में मदद करता है कि कब तथा कितनी मात्रा में ऑर्डर करना है।

निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो उपयोगिता के सही युग्म को प्रदर्शित करता है :

(A) (i) और (ii) (B) (i) और (iii)

(C) (ii) और (iii) (D) (iii) और (iv)

**15.** निम्नलिखित में से किसे चालू देयता ***नहीं*** समझा जाता ? *1*

(A) लघु अवधि निवेश (B) लघु अवधि ऋण

(C) व्यापारिक लेनदार (D) अदत्त व्यय

**16.** पहचानिए निम्नलिखित में से कौन-सी 'उपक्रम पूँजी' की विशेषता ***नहीं*** है : *1*

(A) यह मूल रूप से अपेक्षाकृत नई कम्पनियों में समता वित्त है।

(B) यह विकासोन्मुख छोटी या मध्यम फर्मों में दीर्घकालीन निवेश है।

(C) यह निजी समता का एक उप-समूह है।

(D) पूँजी का पुनर्भुगतान करना होता है और इसमें ब्याज प्रभार सम्मिलित होता है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). *1*

*Assertion (A) :* The method of raising additional finance from existing shareholders by offering securities to them which is considered to be inexpensive is Rights Issue.

*Reason (R) :* It does not require any brokerage, agents, prospectus, etc.

Choose the alternative option from the options given below :

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**14.** Given below is the usefulness of Break-Even Analysis, both for a single product and multiple products business : *1*

(i) It helps in setting profit goals and sales targets.

(ii) It helps in ensuring that there is 'no-stock' situation.

(iii) It helps in determining the products that are not contributing to meet the fixed expenses.

(iv) It helps in determining when to place an order and how much to order.

From the following, choose the option that depicts the correct pair of usefulness :

(A) (i) and (ii) (B) (i) and (iii)

(C) (ii) and (iii) (D) (iii) and (iv)

**15.** Which of the following is ***not*** considered as a Current Liability ? *1*

(A) Short Term Investments (B) Short Term Loans

(C) Trade Creditors (D) Outstanding Expenses

**16.** Identify which of the following is ***not*** a feature of 'venture capital' : *1*

(A) It is basically equity finance in relatively new companies.

(B) It is long-term investment in growth-oriented small or medium firms.

(C) It is a subset of private equity.

(D) The capital has to be repaid and involves an interest charge.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** ऐसी फर्मों के बीच विलय, जो पूर्णतया असम्बन्धित व्यावसायिक गतिविधियों से सम्बन्धित हैं ________ विलय के रूप में जाना जाता है। *1*

(A) क्षैतिज (B) समूह

(C) ऊर्ध्वाधर (D) उत्पाद विस्तार

**18.** समता पर प्रत्याय है __(i)__ भाग __(ii)__ गुणा 100. *1*

(A) (i) सकल लाभ (ii) कुल विनियोजित पूँजी

(B) (i) शुद्ध आय (ii) समता

(C) (i) कुल लाभ (ii) समता

(D) (i) शुद्ध लाभ (ii) कुल विनियोजित पूँजी

## खण्ड ख

**19.** (क) समझाइए किस प्रकार 'एक उत्पाद की लागत तथा मूल्य' किसी उत्पाद अथवा सेवा के बाज़ार मूल्यांकन को प्रभावित करता है। *2*

**अथवा**

(ख) समझाइए एक उद्यमी को पर्यावरण की जाँच (स्कैन) की आवश्यकता क्यों होती है। *2*

**20.** रिदिम ने अभी-अभी एक प्रसिद्ध पाक संस्थान से बेकिंग का पाठ्यक्रम पूरा किया है। वह एक उद्यमी बनना चाहती थी और इसलिए उसने एक अच्छे नए उद्यम को ढूँढ़ना आरंभ किया। उसने देखा कि आजकल कई लोग स्वस्थ मिठाई के विकल्प ढूँढ़ रहे हैं, विशेष रूप से वे जो ग्लूटेन-मुक्त तथा चीनी-मुक्त हों। अचानक उसे एक विचार आया और उसने गहन खोज की, यह देखने के लिए कि एक व्यावसायिक उद्यम बनाने और उससे लाभ अर्जित करने के लिए इसे क्रियान्वित किया जा सकता है या नहीं। अपनी खोज से पूर्ण रूप से संतुष्ट हो जाने के बाद, उसने एक घरेलू बेकरी खोलने का निर्णय लिया, जो स्वस्थ, अनुकूलित मिठाइयाँ प्रदान करेगी। उसने जैविक सामग्री का उपयोग आश्वस्त किया तथा स्वास्थ्य से समझौता किए बिना स्वाद को बनाए रखते हुए खाना बनाने की विधियों का प्रयोग किया। उसने शाकाहारी (वीगन) विकल्पों की बढ़ती हुई लोकप्रियता का पूर्वानुमान लगाते हुए उन्हें भी आरंभ करने की योजना बनाई।

(क) उपर्युक्त अनुच्छेद में चर्चित उद्यमिता की अवधारणा को पहचानिए एवं समझाइए।

(ख) उपर्युक्त (क) में पहचानी गई अवधारणा का चयन करने से पहले रिदिम द्वारा आश्वस्त की जाने वाली दो बातों का उल्लेख कीजिए। *2*

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** A merger between firms that are involved in totally unrelated business activities is known as _________ merger. *1*

(A) Horizontal (B) Conglomerate

(C) Vertical (D) Product Extension

**18.** Return on Equity is __(i)__ divided by __(ii)__ multiplied by 100. *1*

(A) (i) Gross Profit (ii) Total Capital Employed

(B) (i) Net Income (ii) Equity

(C) (i) Total Profit (ii) Equity

(D) (i) Net Profit (ii) Total Capital Employed

## SECTION B

**19.** (a) Explain how 'Cost and Price of a product' affects the market assessment of a product or service. *2*

**OR**

(b) Explain why an entrepreneur needs to scan the environment. *2*

**20.** Rethym had just completed her baking course from a reputed culinary institution. She wanted to be an entrepreneur and thus started searching for a good startup. She observed that nowadays many people were looking for healthy dessert options, especially those that were gluten-free and sugar-free. She spotted an idea and did an extensive research to find out whether it can be implemented to create a business enterprise and earn profits or not. After being fully satisfied with her research, she decided to open a home-based bakery offering healthy customised desserts. She ensured the use of organic ingredients and experimented with recipes to maintain taste without compromising on health. She also planned to introduce vegan options, foreseeing their growing popularity.

(a) Identify and explain the concept of entrepreneurship discussed in the above para.

(b) State the two things which Rethym has to ensure before selecting the concept identified in (a) above. *2*

**21.** (क) नीचे दिए गए चित्र के संदर्भ में :

एक विज्ञापन गतिविधि की योजना बनाते समय छूटे हुए (रिक्त स्थानों वाले) नियमों को पहचानिए एवं उनका उल्लेख कीजिए।




***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **21** के स्थान पर है।*

नीचे दिए गए पाठ के संदर्भ में देखिए :

अनु बालों के विग बेचने का व्यवसाय कर रही है। उसके विग इतने प्राकृतिक हैं कि दिन-प्रतिदिन भारत के विभिन्न राज्यों से इनकी माँग बढ़ रही है। अत: उसने धीरे-धीरे व्यवसाय की गतिविधियों को बढ़ाने का निर्णय लिया। इसके लिए उसने दो नई शाखाएँ खोलीं। इन शाखाओं के वित्तीयन के लिए उसने पुराने लाभों से कोष उत्पन्न करने का निर्णय लिया। इन दो शाखाओं को सफलतापूर्वक आरंभ करने के बाद, उसने अपने व्यवसाय को ऐसे ब्यूटी सैलून के साथ जोड़कर, जो विग सम्बन्धी सेवाएँ जैसे बालों के स्टाइल बनाना, उन्हें काटना तथा उनका रखरखाव करना प्रदान करते हैं, पुन: व्यवसाय के विस्तार का निर्णय लिया।

उपर्युक्त स्थिति 'विस्तार' के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करती है। अनुच्छेद से पंक्तियों को उद्धृत करते हुए इन प्रकारों को समझाइए। *2*

**अथवा**

(ख) सहक्रिया के एक प्रकार के रूप में 'लाभप्रदता में सुधार' को समझाइए। *2*

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** (a) Refer to the image given below :

Identify and state the missing rules while planning an advertising activity.




***Note : The following question is for Visually Impaired Candidates only, in lieu of Q. no. 21.***

Refer to the text below :

Anu is doing the business of selling hair wigs. Her wigs are so natural that day-by-day demand from different states of India is increasing. So she decided to gradually increase the activities of the business. For this she started two new branches. To finance these branches she decided to generate funds from old profits. After the successful launching of the two branches, she decided to expand her business further by combining with beauty salons offering wig-related services like hair styling, cutting and maintenance.

The above case explains the different types of 'expansion'. Explain these types by quoting lines from the para. *2*

**OR**

(b) Explain 'Improved profitability' as a form of synergy. *2*

**22.** नीरव ने, जो एक युवा उद्यमी है, पर्यावरण अनुकूल तरीके से जीवनशैली के प्रति बढ़ती हुई रुचि की ओर ध्यान दिया। व्यावसायिक विचारों के लिए चिंतन करते समय उसने स्थानीय बाज़ार तथा स्थानीय मॉल में लोगों के खरीददारी करने के व्यवहार को ध्यान से देखना आरंभ किया तथा यह भी देखा कि कौन-से स्टोर्स भीड़ आकर्षित करते हैं और कौन-से खाली बैठे रहते हैं ? उसने देखा कि बहुत से लोग सक्रिय रूप से पर्यावरण अनुकूल उत्पादों जैसे पुन: उपयोग में आने वाले बैग, बाँस के टूथब्रश तथा जैव-निम्नीकरण पैकेजिंग आदि को ढूँढ़ रहे हैं। नीरव सामाजिक कार्यक्रमों का दौरा करने में समय बिताता है और देखता है कि ग्राहक इन उत्पादों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं और वे किसे प्राथमिकता देते हैं ? पर्यावरण अनुकूल उत्पादों की नवीनतम प्रवृत्तियों को पूरी तरह से समझने के लिए और नवीनतम जानकारी रखने के लिए नीरव तकनीकी साधनों का भी उपयोग करता है – जैसे ईमेल न्यूज़लेटर, स्थिरता केन्द्रित वेबसाइट्स तथा ऑनलाइन मंच।

अपने अवलोकन एवं खोज के आधार पर, नीरव ने पर्यावरण अनुकूल दैनिक उपयोग के उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करने वाले व्यवसाय को आरंभ करने का निर्णय लिया।

उपर्युक्त अनुच्छेद से पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए, नीरव द्वारा अपनाए गए 'प्रवृत्ति पहचान' के दो तरीकों को पहचानिए। *2*

**23.** व्यवसाय योजना के महत्त्व पर प्रकाश डालने वाले किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए। *2*

**24.** (क) 'एल्फा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड' ऑटोमोबाइल के लिए स्पार्क प्लगों का निर्माण करती है। उनके कच्चे माल का पूर्तिकर्ता किसी दूसरे नगर में है और आवश्यक कच्चे माल का एक बार आदेश प्राप्त होने के बाद उसकी सुपुर्दगी में 6 दिन का समय लेता है। इस अवधि के दौरान प्रतिदिन अनुमानित माँग 600 स्पार्क प्लगों की होती है।
'एल्फा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड' के पुन: आदेश स्तर की गणना कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) रीना ने हाथों से बनी मोमबत्तियाँ बेचने का एक छोटा व्यवसाय आरंभ किया। उसने कच्चा माल, औज़ार आदि खरीदने और अपने व्यवसाय को स्थापित करने के लिए कुल ₹ 50,000 का निवेश किया। वर्ष के दौरान उसने ₹ 5,000 का शुद्ध लाभ अर्जित किया।
रीना के 'निवेश पर प्रत्याय' की गणना कीजिए। *2*

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** Neerav, a young entrepreneur, noticed a growing interest in sustainable living. While brainstorming for business ideas, he began observing people's shopping behaviour at local markets, and local malls and noticing which stores draw crowds and which sit empty. He saw that many people were actively searching for eco-friendly products like reusable bags, bamboo toothbrushes and biodegradable packaging, etc. Neerav also spent time visiting community events, watching how customers interacted with these products and what they prioritized ? To gather more insights, Neerav used tech tools like email newsletters, sustainability-focused websites, and online forums to stay updated on the latest trends in eco-friendly products.

Based on his observations and research, Neerav decided to launch a business offering a wide range of eco-friendly daily use products.

By quoting lines from the above para, identify the two ways of 'trend spotting' adopted by Neerav. *2*

**23.** State any two points that highlight the importance of a business plan. *2*

**24.** (a) 'Alpha Electricals Ltd.' manufactures spark plugs for automobiles. Their raw material supplier is in another city and takes 6 days to deliver the required raw material once the order is received. The demand during this period is expected to be 600 spark plugs per day.

Calculate the Re-order level for 'Alpha Electricals Ltd.' *2*

**OR**

(b) Reena started a small business selling handmade candles. She invested a total of ₹ 50,000 to purchase raw materials, tools, etc. and set up her business. During the year she earned a net profit of ₹ 5,000.

Calculate Reena's 'Return on Investment'. *2*

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड ग

**25.** रेयांश नवीकरणीय ऊर्जा समाधान की एक कम्पनी आरम्भ करने की योजना बना रहा है, जिसका मुख्य केन्द्र बिन्दु आवासीय और व्यावसायिक भवनों में सौर ऊर्जा पैनल की स्थापना करना है। बाज़ार अनुसंधान करते समय, रेयांश को पता चला कि सरकार नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं पर कर प्रोत्साहन एवं आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। उसने यह भी ध्यान दिया कि जलवायु परिवर्तन, कार्बन उत्सर्जन जैसे पर्यावरणीय मुद्दे अधिक प्रचलित हो रहे हैं और पर्यावरण अनुकूल समाधानों की माँग बढ़ रही है। लेकिन वह सौर ऊर्जा पैनल की उच्च आरम्भिक लागत तथा कुछ क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा के सम्बन्ध में जागरूकता की कमी के बारे में चिंतित है। रेयांश सौर ऊर्जा पैनल के निर्माण में आवश्यक कच्चे माल की कीमतों के उतार-चढ़ाव तथा लोगों की व्यय योग्य आय पर भी निगरानी रख रहा है, क्योंकि उन्हें इन पैनलों को लगाना है।

पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए, उपर्युक्त में चर्चित किन्हीं तीन वृहद-पर्यावरणीय कारकों को पहचानिए एवं समझाइए, जो रेयांश के व्यवसाय को प्रभावित कर सकते हैं। *3*

**26.** (क) 'अलग-अलग प्रचालनों की एक लम्बी श्रृंखला में आगे बढ़ने वाले प्रत्येक कदम का चित्रण, प्रत्येक कदम सही स्थान पर सही डिग्री में और सही समय पर लिया जाना तथा प्रत्येक प्रचालन को अधिकतम प्रभावपूर्णता के साथ करना व्यवसाय योजना के घटकों में से किसी एक का उद्देश्य है।'

(i) उपर्युक्त में चर्चित व्यवसाय योजना के घटक का नाम लिखिए।

(ii) ऐसे चार बिन्दुओं का उल्लेख करते हुए बताइए कि यह घटक किस प्रकार कार्य की योजना बनाने में सहायता करता है। *3*

**अथवा**

(ख) 'यह एक विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन है, जो न केवल व्यवसाय में नियोजित की जाने वाली समस्त गतिविधियों के कार्यक्षेत्र को सम्मिलित करता है अपितु यह विभिन्न अन्य पहलुओं को सुविधाजनक बनाने और उन पर चर्चा करने में मदद करता है।'

(i) उपर्युक्त में चर्चित अवधारणा का नाम लिखिए।

(ii) उपर्युक्त (i) में पहचानी गई अवधारणा के उन अन्य पहलुओं का उल्लेख कीजिए, जिन्हें सुविधाजनक बनाने और उन पर चर्चा करने में यह अवधारणा सहायता करती है। *3*

## SECTION C

**25.** Reyansh is planning to start a renewable energy solutions company, focusing on solar power panel installation for residential and commercial buildings. While conducting market research, Reyansh finds that the government is offering tax incentives and subsidies for renewable energy projects. He also noticed that environmental concerns like climate change, carbon emissions are becoming more prevalent and increasing the demand for eco-friendly solutions. However, he is concerned about the high initial cost of solar panels and the lack of awareness about renewable energy in certain regions. Reyansh is also monitoring the fluctuating prices of raw materials required for manufacturing solar panels and the disposable income of people, as they have to install these panels.

By quoting lines, identify and explain any three macro-environmental factors discussed above that may impact Reyansh's business. *3*

**26.** (a) 'Picturising ahead every step in a long series of separate operations, each step to be taken in the right place of the right degree, and at the right time and each operation to be done at maximum efficiency is the objective of one of the components of a business plan.'

(i) Name the component of business plan discussed above.

(ii) Give any four points stating how this component helps to plan the work. *3*

**OR**

(b) 'It is a comprehensive project report which not only encompasses the entire range of activities which are being planned in the business but also helps, facilitates and discusses various other aspects.'

(i) Name the concept discussed above.

(ii) State the other aspects being helped, facilitated and discussed in the concept identified in (i) above. *3*

**27.** नायशा 'इकोवेव' नामक एक स्टार्टअप कम्पनी की संस्थापक है, जो पर्यावरण अनुकूल जैव-निम्नीकरण घरेलू उत्पादों जैसे प्लेट, कप तथा स्ट्रॉ आदि का उत्पादन पौधे आधारित सामग्री द्वारा करती है। नायशा के उत्पादों का विपणन प्लास्टिक के एक टिकाऊ विकल्प के रूप में है, जो पर्यावरण के प्रति जागरूक उत्पादों की बढ़ती माँग को पूरा करते हैं।

अपनी उत्पाद पंक्ति के प्रारंभ करने के बाद, नायशा ने यह महसूस किया कि उसके उत्पादों की बाज़ार में काफी माँग है, लेकिन उन्हें उतना ध्यान नहीं मिल रहा जितने की वे हकदार हैं। इस मुद्दे के समाधान के लिए, उसने एक प्रवर्तन रणनीति अपनाने का निर्णय लिया जो ब्राण्ड जागरूकता को बढ़ाएगी, व्यापक दर्शकों तक पहुँचेगी और अंतत: विक्रय में वृद्धि करेगी। नायशा ने निर्णय लिया कि वह विज्ञापन के जनसंचार माध्यमों का उपयोग करेगी जैसे टेलीविज़न पर दिखाए जाने वाले विज्ञापन, रेडियो पर प्रसारित होने वाले विज्ञापन तथा प्रिंट संचार माध्यम (समाचार-पत्र एवं पत्रिकाएँ)। उसने ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऑनलाइन बैनर विज्ञापनों तथा अपनी वेबसाइट का भी उपयोग किया।

(क) अपने ग्राहकों तक पहुँचने के लिए नायशा ने जिस प्रवर्तन दृष्टिकोण का उपयोग किया उसे पहचानिए एवं समझाइए।

(ख) यह भी समझाइए कि उपर्युक्त (क) में पहचाना गया प्रवर्तन दृष्टिकोण, अन्य प्रवर्तन दृष्टिकोण से, जो उपभोक्ताओं के एक लक्षित समूह पर अपना ध्यान केन्द्रित करता है, निम्न आधारों पर किस प्रकार भिन्न है :

(i) प्रचार

(ii) मापन योग्यता

(iii) लक्ष्य *3*

**28.** (क) 'एक उद्यमी के पास अपने उत्पादों के वितरण के लिए बहुत से वैकल्पिक माध्यम उपलब्ध होते हैं। ये माध्यम सम्बद्ध मध्यस्थों की संख्या एवं प्रकार के आधार पर अलग-अलग होते हैं।'

इस प्रकार के किन्हीं तीन वितरण माध्यमों (चैनल) को समझाइए। *3*

**अथवा**

(ख) एक वितरण माध्यम (चैनल) का चयन करते समय एक उद्यमी द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पादक/कम्पनी सम्बन्धी ध्यान देने योग्य किन्हीं तीन विचारों को समझाइए। *3*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** Naisha is the founder of a startup company 'EcoWave', which produces eco-friendly, biodegradable household products such as plates, cups and straws made from plant-based materials. Naisha's products are marketed as sustainable alternatives to plastic, catering to the growing demand for environmentally-conscious products.

After launching her product line, Naisha realizes that her products have great potential in the market, but they are not getting the attention they deserve. To address this issue, she decides to adopt a promotional strategy which will increase brand awareness, reach a wider audience, and ultimately boost sales. Naisha decides to use mass media advertising such as TV commercials, radio spots and print media (newspapers and magazines). She also used online banner advertisements and her website to meet the needs of the customers.

(a) Identify and explain the promotional approach used by Naisha to reach her customers.

(b) Also, explain how the promotional approach identified in (a) above is different from the other promotional approach which focuses on targeted groups of consumers, on the basis of :

(i) Promotions

(ii) Measurability

(iii) Target *3*

**28.** (a) 'An entrepreneur has a number of alternative channels available to him for distributing his products. These channels vary in the number and type of middlemen involved.'
Explain any three types of these channels of distribution. *3*

**OR**

(b) Explain any three manufacturer/company-related considerations to be used by an entrepreneur while selecting the channel of distribution. *3*

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** 'अनन्ता लिमिटेड' एक लघु व्यवसाय है, जो बनी-बनाई कमीजों का उत्पादन एवं विक्रय करता है। कम्पनी अपने स्टॉक प्रबन्धन का विश्लेषण कर रही है और उत्पादन के लिए आवश्यक कच्चे माल की आर्थिक आदेश मात्रा की गणना करना चाहती है। निम्नलिखित सूचना प्रदान की गई है :

बेची गई कमीजों की वार्षिक मात्रा = 40,000 कमीजें। माँग एकसमान है।

आदेश लागत प्रति आदेश = ₹ 160

प्रति वर्ष प्रति इकाई माल को संभालने (होल्डिंग) की लागत = ₹ 20

'अनन्ता लिमिटेड' की आर्थिक आदेश मात्रा की गणना कीजिए। *3*

## खण्ड घ

**30.** विक्रम एक युवा उद्यमी है और हमेशा उसे पर्यावरण के संरक्षण का जुनून रहता है। हाल ही में उसे अपने स्थानीय क्षेत्र में एक विशाल भूमि दिखी, जो बाँस, औषधीय पौधे तथा औषधीय गुणों वाले पेड़ों से भरपूर थी। बाज़ार अनुसंधान के बाद विक्रम को माँग की प्रवृत्ति, पूर्ति तथा उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण आँकड़े मिले हैं। स्थानीय समुदाय स्थायी व्यावसायिक प्रथाओं के लिए इन संसाधनों के सामर्थ्य से अनभिज्ञ है। उसने व्यवसाय के सृजन के लिए एक सुअवसर की पहचान की है, जो न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से टिकाऊ होगा अपितु स्थानीय समुदाय को भी सशक्त बनाकर सामाजिक दृष्टिकोण से भी लाभदायक है। विक्रम की योजना में पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के निर्माण के लिए बाँस की खेती का टिकाऊ व्यवसाय स्थापित करना तथा औषधीय पौधों से हर्बल दवाइयाँ बनाने का काम सम्मिलित है। बढ़ते हुए उपभोक्तावाद के साथ उसने समझा कि व्यवसाय का क्षेत्र एवं प्रकृति अब स्थानीय से आयात एवं निर्यात में बदल रहा है और साथ ही ई-व्यवसाय ने उद्यम के व्यापार क्षेत्र को बहुत विस्तृत कर दिया है।

(क) उत्पाद/सेवा का उल्लेख करते हुए उपर्युक्त स्थिति में चर्चित तीन 'विचार क्षेत्रों' को पहचानिए एवं समझाइए।

(ख) उपर्युक्त (क) में पहचाने गए विचार क्षेत्र के अतिरिक्त दो अन्य विचार क्षेत्रों को समझाइए। *5*

**31.** (क) 'फ्रैन्चाइजिंग' का अर्थ दीजिए। फ्रैन्चाइजिंग से फ्रैन्चाइज़ी को होने वाली किन्हीं चार हानियों को समझाइए। *5*

**अथवा**

(ख) 'विलय' का अर्थ दीजिए। विलय के निम्न प्रकारों को समझाइए : *5*

(i) क्षैतिज विलय (ii) बाज़ार-विस्तार विलय

(iii) उत्पाद-विस्तार विलय (iv) ऊर्ध्वाधर विलय

**29.** 'Ananta Ltd.' is a small business that manufactures and sells readymade shirts. The company is analysing its inventory management and wants to calculate the Economic Order Quantity for the raw material required for production. The following details are provided :

Annual quantity of shirts sold = 40,000 shirts. Demand is uniform.

Ordering cost per order is = ₹ 160

Holding cost per unit per year is = ₹ 20

Calculate the Economic Order Quantity for 'Ananta Ltd.' *3*

## SECTION D

**30.** Vikram, a young entrepreneur, has always been passionate about protecting the environment. He recently came across a vast land in his local area which was abundant in bamboo, medicinal plants and herbal trees. After conducting market research, Vikram got valuable data about trends of demand, supply and consumer preferences. The local community was unaware of the potential of these resources for sustainable business practices. He identified an opportunity to create a business that would not only be environmentally sustainable but also socially beneficial by empowering the local community. Vikram's plan involves establishing a sustainable bamboo farming business for producing eco-friendly products, and processing medicinal plants into herbal medicines. With increasing consumerism, he realised that the scope and nature of trade is now changing from local to import and export and also to e-business, making trading a very wide area of business enterprise.

(a) Identify and explain three 'idea fields' stating the product/service discussed in the above case.

(b) Explain any two idea fields other than those identified in (a) above. *5*

**31.** (a) Give the meaning of 'Franchising'. Explain any four disadvantages of franchising to the franchisee. *5*

**OR**

(b) Give the meaning of 'Merger'. Explain the following types of mergers : *5*

(i) Horizontal merger (ii) Market extension merger

(iii) Product extension merger (iv) Vertical merger

**32.** कीर्ति और नेहा ने हाथ से बने आभूषण बेचने का व्यवसाय प्रारम्भ करने का निर्णय लिया। उन्होंने 'कीर्ति और नेहा क्रिएशन्स' के नाम से व्यवसाय प्रारम्भ किया। उनके समझौते के अनुसार, दोनों पूँजी, प्रयासों, कौशल तथा लाभों के विभाजन में बराबर-बराबर योगदान देंगी। कीर्ति डिज़ाइन बनाने के लिए उत्तरदायी थी, जबकि नेहा विक्रय एवं विपणन प्रबन्धन की प्रभारी थी।

व्यवसाय प्रचालनों के दौरान कीर्ति ने नेहा से परामर्श किए बिना कच्चे माल के एक पूर्तिकर्ता के साथ मिलकर काम करने का निर्णय ले लिया, उसे विश्वास था कि इससे समय की बचत होगी और व्यावसायिक कुशलता में सुधार होगा। लेकिन पूर्तिकर्ता की सुपुर्दगी में देरी हो गई, परिणामस्वरूप उत्पादन में अस्थायी रुकावट हुई और कम्पनी के लिए हानि का कारण बनी। नेहा परेशान थी कि कीर्ति ने उसकी सहमति के बिना निर्णय लिया है और वह उसके कार्यों से बंधी हुई है।

(क) उपर्युक्त स्थिति में चर्चित व्यवसाय संगठन के स्वरूप को पहचानिए एवं उसका उल्लेख कीजिए।

(ख) उपर्युक्त से पंक्तियों को उद्धृत करते हुए उपर्युक्त (क) में पहचाने गए व्यवसाय संगठन के स्वरूप की किन्हीं चार विशेषताओं को पहचानिए एवं समझाइए। *5*

**33.** 'एके एन्टरप्राइज़ेज' एक कम्पनी है, जो तीन स्टेशनरी मदों का निर्माण एवं विक्रय करती है। कम्पनी अपने तीन उत्पादों के सम-विच्छेद बिन्दु का मूल्यांकन कर रही है और यह निर्धारित करना चाहती है कि इसकी कुल स्थायी लागत को पूरा करने के लिए प्रत्येक उत्पाद की कितनी इकाइयों की बिक्री की जाए।

कम्पनी की कुल स्थायी लागत ₹ 1,00,000 है।

प्रत्येक उत्पाद का विक्रय मूल्य एवं परिवर्तनीय लागत नीचे दी गई है :

| उत्पाद | विक्रय मूल्य प्रति इकाई (₹) | परिवर्तनीय लागत प्रति इकाई (₹) | विक्रय मिश्र % |
|---|---|---|---|
| पेंसिल पाउच (थैली) | 50 | 30 | 30 |
| पेन सेट | 80 | 50 | 30 |
| डायरी | 100 | 60 | 25 |

गणना कीजिए :

(क) कुल भारित औसत अंशदान मार्जिन

(ख) प्रत्येक उत्पाद की सम-विच्छेद मात्रा

(ग) एक पेंसिल पाउच का सम-विच्छेद बिन्दु (₹ में) *5*

**34.** (क) पूँजी बाजार में नए निर्गमन जारी करने की एक विधि के रूप में 'सार्वजनिक निर्गम' को समझाइए। इसके प्राथमिक लाभ तथा किन्हीं छः अन्य लाभों का भी उल्लेख कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) 'ऐंजेल निवेशक' कौन होता है ? ऐंजेल निवेशकों की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। *5*

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** Kirti and Neha decided to start a business of selling handmade jewellery. They started a business under the name 'Kirti and Neha Creations'. According to their agreement, both will share profits equally and would contribute equally in terms of capital, efforts and skills. Kriti was responsible for creating the designs, while Neha was incharge of managing the sales and marketing.

During the business operations, Kirti made a decision to collaborate with a supplier for raw materials without consulting Neha, believing it would save time and improve the business's efficiency. However, the supplier's delivery was delayed, and this resulted in a temporary halt in production, causing a loss for the company. Neha was upset that Kirti had made a decision without her consent and she was bound by her acts.

(a) Identify and state the form of business organisation discussed in the above case.

(b) Quoting lines from the above, identify and explain any four features of the form of business organisation identified in (a) above. *5*

**33.** 'AK Enterprises' is a company that manufactures and sells three stationery items. The company is evaluating its Break-Even Point for these products and wants to determine how may units of each product must be sold to cover its total fixed cost.

The fixed cost for the company amounts to ₹ 1,00,000.

The selling price and variable costs for each product are given below :

| Product | Selling Price Per unit (₹) | Variable Cost Per unit (₹) | Sales mix % |
|---|---|---|---|
| Pencil Pouch | 50 | 30 | 30 |
| Pen set | 80 | 50 | 30 |
| Diary | 100 | 60 | 25 |

Calculate :

(a) Total weighted average contribution margin.

(b) Break-Even Quantity for each product.

(c) Break-Even Point (in ₹) for a pencil pouch. *5*

**34.** (a) Explain 'Public Issue' as a method of floatation of new issues in the capital market. Also state its primary advantage and any six other advantages. *5*

**OR**

(b) Who is an 'Angel Investor' ? State any four features of angel investors. *5*